एलुमनी मीरा सोसायटी

रिपोर्ट 2021—22

एलुमनी मीरा सोसायटी के अन्तर्गत सत्र–पर्यन्त छात्रा हित एवं महाविद्यालय हित में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

एलुमनी मीरा सोसायटी की सदस्य मीरा मजूमदार ने सोसायटी के अन्तर्गत 11 पंखे सामान्य छात्रावास को भेंट किये। इसी प्रकार एलुमनी मीरा सोसायटी के अन्तर्गत LNT के सौजन्य से 10 सोलर लाइटें महाविद्यालय में भेंट की गई। इनमें से 06 सोलर लाइटें महाविद्यालय परिसर में एवं 04 सामान्य छात्रावास में लगाई गई।

एलुमनी मीरा सोसायटी के अन्तर्गत सोसायटी की सदस्या डॉ. जुल्फिया शेख ने 5 टॉइलेट्स की मरम्मत करवाने (नई पाइप लाइन, सेफ्टी टेंक की सफाई, 2 नये वॉश बेसिन की फिटिंग एवं रंग रोगन) के लिए 45,000/— रु. की राशि भेंट की।

दि. 22.10.21 को एलुमनी मीरा सोसायटी का स्थापना दिवस राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शशी साँचीहर द्वारा मुख्य अतिथि प्रज्ञा केवलरमानी, आयुक्त टीएडी विभाग, एलुमनी अध्यक्ष डॉ. निधि श्रीवास्तव द्वारा विशिष्ट अतिथि कविता पाठक, अतिरिक्त कमीश्नर एक्साइज विभाग का स्वागत किया गया।

सोसायटी के ऐसे सदस्य जिन्होंने विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की, अंशदान प्रदान करने वाले दानदाता तथा 2012—14 के बैच के सदस्यों का तथा नवीन कार्यकारिणी का सम्मान एवं अभिनन्दन किया गया।

दि. 12.01.22 को एलुमनी मीरा सोसायटी एवं रोटरी क्लब, पन्ना के संयुक्त तत्वावधान में 'हेल्थ एंड हाइजीन' विषय पर एक कार्यक्रम कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन करते हुए रखा गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को रोटरी क्लब पन्ना की तरफ से श्री भानुप्रताप धाभाई, श्री राजेश शर्मा एवं तारिका भानुप्रताप ने सेनेटरी नैपकीन वितरित किये। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शशी

साँचीहर ने अतिथियों का स्वागत किया एवं सोसायटी सचिव डॉ. सविता चाहर ने छात्राओं को हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय संकाय सदस्य, सोसायटी सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित थी।

दि. 29.01.22 को एलुमनी मीरा सोसायटी के तत्वावधान में उदयपुर वूमन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इण्डस्ट्री की डॉ. नीता मेहता (प्रेसीडेन्ट) श्रीमती रीता (पूर्व अध्यक्ष), श्रीमती ममता धूपिया (प्रोजेक्ट इन्चार्ज एवं फाउंडर मेम्बर) ने सोसायटी को 2 सिलाई मशीन भेंट की। ये मशीनें सोसायटी ने छात्रावास में छात्राओं को उपयोग हेतु इश्यू कर दी।

दि. 21.02.22 को एलुमनी मीरा सोसायटी के अन्तर्गत महाविद्यालय की संकाय सदस्य डॉ. अनिता कावड़िया, सहआचार्य एवं विभागाध्यक्ष इतिहास ने 16,500 रु. की बिजली से चलने वाली घास काटने की मशीन महाविद्यालय को भेंट की। दि. 11.03.22 को एलुमनी मीरा सोसायटी के अन्तर्गत महाविद्यालय की डॉ. सविता चाहर, सहआचार्य एवं विभागाध्यक्ष ने अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 16,000/— की स्टील की 3 सीटर दो विजिटिंग चेयर्स महाविद्यालय को भेंट की।

दि. 13.03.2022 को एलुमनी मीरा सोसायटी एवं स्कूल ऑफ इण्टीग्रल लाइफ स्किल्स के संयुक्त तत्वावधान में PCOD & PCOs Awareness Workshop का ऑनलाइन Zoom पर आयोजन किया। इस आयोजन में सोसायटी सदस्यों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एलूमिनी मीरा सोसायटी द्वारा मार्च 2022 में महाविद्यालय के गांधी अध्ययन केन्द्र को महात्मा गाँधी पर आधारित 82 पुस्तकें जिनका मूल्य 8300/— रूपये हैं, भेंट की। जिससे अधिक से अधिक छात्राएँ लाभान्वित हो सकें।

डॉ. सविता चाहर
सचिव
एलुमनी मीरा सोसायटी
GMGC, Udaipur (Raj.)

SOILS
PCOD/PCOS Awareness Workshop
Dr. Ashwini Patil
Dr. Chaitasi Shah
Dr. Neha Patel
11 AM-1 PM,
Sunday,
13th March 2022
Free Registration
for Invitees!
Dr. Ishika Shrimali
Co-host
Mansi Chauhan
Co-host
Special Invitation- Meera Alumni Society
Meera Girls College, Udaipur
Dr Shashi Sanchihar
Principal & Patron
Dr Manju Barupal
Dr Savita Chahar